# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 90 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 29 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

स्पोर्ट्स सिटी लोट्स ग्रीन प्रोजेक्ट से हटेगा प्रतिबंध



P- 4

अतीक की जमीन पर बिल्डर-कारोबारियों का कब्जा



P- 5

भारती एंटरप्राइजेज के मालिक सुनील भारती मिल को ब्रिटेन का



P- 6

आईपीएल से ठीक पहले धोनी के बल्लेबाज ने आक्रामक शतक लगाकर

# अपहरण कर बीबीए छात्र की हत्या, गड्ढे में दबाई लाश

## बेटे के फोन से ही पिता को किया मैसेज; कहा-तुम्हारे बेटे की कीमत 6 करोड़ है

अमरोहा। नोएडा की बेनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए के छात्र की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद उसका शव अमरोहा के गजरौला इलाके में तेवा फैक्ट्री के सामने जंगल में गड्ढा खोदकर दबा दिया गया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने छात्र के परिजनों से 6 करोड़ की फिरौती मांगी। जिस पर परिजनों को बेटे के अपहरण के बारे में पता चला। इसके बाद छात्र के घरवालों ने नोएडा के दादरी थाने में बेटे के अपहरण और फिरौती मांगने का मामला दर्ज कराया। फिर पुलिस ने एक-एक कर कई आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर छात्र के शव को गड्ढे से बरामद किया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### पूरा मामला

गजरौला कोतवाली इलाके के मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप मित्तल शहर में बड़े इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी हैं। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा एक बेटी इशिका मित्तल और एक बेटा यश था। दोनों बच्चे नोएडा की बेनेट यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं। बेटी बीबीए फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा है, जबकि बेटा बीबीए फर्स्ट सेमेस्टर में था। दो दिन पहले यानी 26 फरवरी की शाम यश यूनिवर्सिटी के हॉस्टल से लापता हो गया। इसके बाद पिता प्रदीप मित्तल के पास बेटे के फोन से एक मैसेज आया कि आपका बेटा हमारे पास है।

### दो दिन पहले हॉस्टल से लापता हुआ था छात्र

किडनैपर्स ने कहा, तुम्हारे बेटे की कीमत 6 करोड़ रुपए है। मैसेज देखकर परिवार के लोग घबरा गए और नोएडा पहुंचे। जहां यूनिवर्सिटी पहुंचकर वार्डन से बेटे के बारे में पूछताछ की, तो पता चला कि उनका बेटा हॉस्टल से 26 फरवरी की शाम को जाने के बाद वापस नहीं आया है। जिसके बाद घरवाले दादरी थाने पहुंचे और पुलिस को बेटे के अपहरण और 6 करोड़ रुपए फिरौती मांगने की बात बताई। जिस पर नोएडा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कई आरोपियों को हिरासत में लिया।



### छात्र के घर से ढाई किमी दूर खेत से बरामद हुआ शव

उनसे पूछताछ के बाद नोएडा पुलिस ने बुधवार को गजरौला के मोहल्ला तिगरिया भूड़ सेप एक युवक को हिरासत में लिया। उससे सख्ती से पूछताछ की, तो वह टूट गया। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर छात्र के शव को तेवा फैक्ट्री के सामने खेत से गड्ढा खोदकर बरामद किया। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही गजरौला पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल छात्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। अमरोहा के अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि नोएडा पुलिस और गजरौला थाना पुलिस ने नोएडा से लापता छात्र का शव गजरौला के जंगल से बरामद किया है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। नोएडा पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# गुजरात के पोरबंदर में 3300 किलो ड्रग्स जब्त

## इसकी कीमत 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा; 5 विदेशी तस्कर भी गिरफ्तार

पोरबंदर। गुजरात एटीएस नेवी और सेंट्रल एजेंसी के संयुक्त ऑपरेशन के तहत मंगलवार को अरब सागर में भारतीय सीमा में 3300 किलो ड्रग्स जब्त की गई। इसकी कीमत 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होने का अनुमान है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग करने वाले 5 विदेश पैडलर्स को भी गिरफ्तार किया है। पैडलर्स के ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने की आशंका जताई जा रही है।

कुछ दिनों पहले गिर सोमनाथ पुलिस ने वेरावल शहर के घाट पर बहकर आई 350 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं जब्त की थीं। उसके बाद से ही दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो , गुजरात एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां पैडलर्स को पकड़ने के लिए ऑपरेशन चला रही थीं। इस ऑपरेशन के तहत समुद्री सीमा से मादक पदार्थों की अब तक की यह सबसे बड़ी जब्ती है।



### विदेशी पैडलर्स ईरानी नाव पर सवार थे, देर रात पोरबंदर लाया गया

3300 किलो ड्रग्स के साथ 5 विदेशी पैडलर्स ईरानी नाव में सवार थे। उन्हें मंगलवार देर रात पोरबंदर समुद्र तट पर लाया गया। इस मामले में सुरक्षा एजेंसियों के बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की संभावना है।

### 5 दिन पहले ही पकड़ी गई थी 350 करोड़ की हेरोइन, 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया था

पांच दिन पहले वेरावल बंदरगाह से 350 करोड़ की हेरोइन मछली पकड़ने वाली नाव में पकड़ी गई थी। इसके साथ ही 9 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। फिलहाल एटीएस, गिर सोमनाथ एसओजी, एलसीबी, एफएसएल और मरीन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वेरावल पोर्ट से दो किलोमीटर दूर पकड़ी गई ड्रग्स

वेरावल बंदरगाह घाट नाव मालिक जीतू कुहाड़ा ने बताया कि एक नाव पर पहले से ही निगरानी रखी जा रही थी। मंगलवार रात करीब नौ बजे एक अज्ञात वाहन से दो लोग घाट पर पहुंचे और नाव से कुछ पदार्थ अपने वाहन में रखने लगे। टीम के पीछा करने पर वेरावल पोर्ट से दो किलोमीटर दूर उन्हें पकड़ लिया गया।

## ईडी ने केजरीवाल को आठवीं बार समन भेजा

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को आठवीं बार समन जारी किया। ईडी ने मुख्यमंत्री को चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। केन्द्रीय एजेंसी ने 22 फरवरी को सातवां समन जारी किया था। श्री केजरीवाल उसे गैर कानूनी बताते हुए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वह ईडी के समक्ष तभी पेश होंगे जब अदालत ऐसा करने का आदेश देगी।

# जामताड़ा में बड़ा हादसा..2 की मौत, 10 घायल

## हावड़ा-नई दिल्ली मेन लाइन पर खड़े थे यात्री, काटते हुए चली गई पैसेंजर ट्रेन, सीएम ने जताया शोक

जामताड़ा। झारखंड के जामताड़ा में बुधवार की शाम करीब 7 बजे भीषण ट्रेन हादसा हुआ है। यहां ट्रेन की चपेट में आने से 2 लोगों की कट कर मौत हो गई है। वहीं 10 लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। इसमें छह लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना जामताड़ा-करमाटांड़ रूट पर कलझारिया रेलवे हॉल्ट के पास की है। यह हावड़ा-नई दिल्ली मेन लाइन हैं। इस लाइन से गुजर रही आसनसोल-झाझा पैसेंजर ट्रेन ट्रेन रेल यात्रियों को काटते हुए निकल गई। बताया जा रहा है कि करमाटांड और जामताड़ा के बीच कालाझरिया रेलवे हाल्ट पर भागलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन रुकी हुई थी।



ट्रेन में आग लगने की सूचना पर यात्री ट्रेन से उतरकर यात्री इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान आसनसोल-झाझा पैसेंजर ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में लोग आ गए। सूचना मिल रही है कि हादसे में 12 लोगों की मौत हुई है।

हालांकि इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद जामताड़ा एसडीओ आनंत कुमार, रेलवे प्रशासन, रेल पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। हादसे के संबंध में पीआरओ बिपल्व बाउरी ने बताया कि अब तक दो लोगों की मौत की सूचना है।

## अमेठी में पेड़ से टकराई कार, तीन मरे



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के गौरीगंज क्षेत्र में बुधवार को एक तेज रफ्तार कार के पेड़ से टकराने से उसमें सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के गोपालापुर के पास आज सुबह एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमे कार सवार महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार रायबरेली से कमासिन गांव में बारात में शामिल होने आए थे। सूचना पर पहुँची पुलिस आनन फानन में सभी घायलों को जिला चिकित्सालय गौरीगंज ले गयी,जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया और घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद रायबरेली एम्स के लिए रिफर कर दिया। मृतकों की पहचान संतोष सिंह, आलोक सिंह और दीपा सिंह निवासी रायबरेली महराज गंज के रूप में हुई। वही अनुष्का,निहारिका सिंह व मानवीर सिंह की हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टरों ने रायबरेली एम्स के लिए रेफर कर दिया है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसा..4 की मौत

## मां सहित तीन बच्चों की मौत, एक ही बाइक पर सवार थे सभी

**एजेंसी**

बांदा। बांदा के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में भीषण सड़क हादसा हो गया है। जहां एक ही बाइक पर सवार चार लोग डिवाइडर से टकराकर बुरी तरह घायल हो गए, जिसमे दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक में दो बेटे, एक बेटी और उनकी मां शामिल है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं परिजनों को सूचना दे दी गई है।

दरअसल, ओरन बिसंडा थाना अंतर्गत निवासी सीमा (50) और उसके तीन बच्चे एक ही बाइक पर सवार होकर चित्रकूट की ओर से देहात कोतवाली अंतर्गत अपनी बहन के यहां आ रहे थे। बाइक महिला का बेटा रवि चला रहा था। दूसरा बेटा बाबू साथ ही आठ वर्षीय बेटी आरती बैठे हुए थे।

इस दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। घटना में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया है। हादसे में मां सीमा (50) और उनके तीन बच्चे रवि (20), बाबू (6), आरती (8) की मौत हो गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से बाइक टकरा गई थी और यह हादसा हो गया। यह लोग देहात कोतवाली क्षेत्र के लामा गांव से बिसंडा क्षेत्र के ओरन कस्बे में अपने घर जा रहे थे।





## हैप्पी मॉर्निंग

टीचर - बच्चों जब तुम सब बड़े हो जाओगे तो इस फोटो को देखकर कहोगे, ये रहा राजू जो अमेरिका चला गया, ये रहा रवि जो अब लंदन में जॉब करता है और ये रहा नंदू जो यहीं का यहीं रह गया। ये बात सुनकर
नंदू बोला - और ये रही हमारी मैडम, जिनका देहांत हो गया।



## शायरी

अपनी आज़ादी को हम हरगिज़ मिटा सकते नहीं
सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं

## अर्थसार



सेंसेक्स:
72,304.88
-790.34 (1.08%)
निफ्टी:
21,951.15
-247.20

## मौसम



अधिकतम : 26 डिग्री से0
न्यूनतम : 13 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 7 : 02
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 17

# मणिपुर हिंसा में अबतक 219 लोगों की गई जान, 800 करोड़ का नुकसान

मणिपुर पिछले साल मई से मैतेई और आदिवासी कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष से प्रभावित है। कई सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बावजूद हिंसा बदस्तूर जारी है। इस दौरान 219 लोगों की जान चली गई और राज्य को 800 करोड़ का नुकसान हुआ है। मणिपुर की इस स्थिति पर राज्यपाल अनुसुइया उइके ने प्रकाश डाला है। बुधवार को उइके ने बताया कि पिछले साल मई से पूर्वोत्तर राज्य में हुई जातीय हिंसा में अब तक 219 लोग मारे गए हैं। 12वीं मणिपुर विधानसभा के पांचवें सत्र के पहले दिन अपना संबोधन देते हुए उइके ने शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए किए गए प्रयासों और राज्य की अर्थव्यवस्था पर हिंसा के प्रभाव के बारे में बात की।



अपने संबोधन में उइके ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंसा के कारण 219 लोगों की जान चली गई है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उन्हें सत्यापन के आधार पर 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है।

पीड़ितों के शव उनके परिवारों को दे दिए गए हैं और उनका अंतिम संस्कार किया गया है।

## डॉक्टर आत्महत्या मामले में आप विधायक प्रकाश जारवाल दोषी करार

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) विधायक प्रकाश जारवाल को 2020 में एक डॉक्टर की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी ठहराया। सांसद/विधायक मामलों के लिए विशेष न्यायालय के न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने मामले की सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा यह माना जाता है कि अभियोजन पक्ष ने प्रकाश जारवाल और कपिल नागर के अपराध को सफलतापूर्वक साबित कर दिया है।

# मणिपुर में एएसपी की किडनैपिंग के खिलाफ पुलिस का प्रदर्शन

इंफाल। मणिपुर में मंगलवार को किडनैप हुए एडिशनल एसपी अमित मायेंगबाम को पुलिस और सुरक्षाबल ने छुड़ा लिया है। मैतेई संगठन अरामबाई तेंगगोल के कैडर के 200 लोगों ने उनके घर से उनका अपहरण किया था। इंफाल ईस्ट की यह घटना मंगलवार शाम करीब 6:20 बजे की है। बुधवार को मणिपुर पुलिस कमांडोज ने अपने हथियार डालकर इस घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि एएसपी अमित को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इंफाल ईस्ट में एक बार फिर तनाव का माहौल है। इस बीच स्थिति को कंट्रोल करने के लिए सेना बुलाई गई है और इलाके में असम राइफल्स की 4 टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

### एएसपी ने मैतेई संगठन के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया था

मंगलवार की शाम मैतेई संगठन के कुछ लोगों ने एएसपी अमित के घर पर हमला कर दिया। इस दौरान सुरक्षा गार्डों और हथियारबंद बदमाशों के बीच फायरिंग भी हुई, जिससे चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद मैतेई लोगों ने अमित का अपहरण कर लिया। दरअसल, एएसपी अमित ने कुछ दिन पहले वाहन चोरी के आरोप में मैतेई संगठन अरामबाई तेंगगोल के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद संगठन ने अपने सदस्यों की रिहाई को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

**पार्टी इनकम**

## भाजपा के पास सबसे ज्यादा 2361 करोड़ रुपए आए, कांग्रेस को 452 करोड़ मिले

# नेशनल पार्टियों की 2022-23 में 3077 करोड़ रुपए इनकम

**एजेंसी**

नई दिल्ली। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने बुधवार को बताया कि देश की 6 नेशनल पार्टियों ने वित्त वर्ष 2022-23 में अपनी कुल आय लगभग 3077 करोड़ रुपए घोषित की है। इसमें भाजपा का हिस्सा सबसे ज्यादा है।

भाजपा के पास लगभग 2361 करोड़ रुपए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

कांग्रेस 452.375 करोड़ रुपए की आय के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस के पास कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा,आप, एनपीपी और सीपीआई-एम ने अपनी आय घोषित की है।

### भाजपा की इनकम 443 करोड़ रुपए बढ़ी

एडीआर के मुताबिक भाजपा की आय वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपए से 23.15 प्रतिशत या 443.724 करोड़ रुपए बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपए हो गई।

वहीं एनपीपी (नेशनल पीपुल्स पार्टी) की आय वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 47.20 लाख रुपए से 1502.12 प्रतिशत या 7.09 करोड़ रुपए बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 7.5 करोड़ रुपए हो गई।

इसी तरह आप की आय वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 44.539 करोड़ रुपए से 91.23 प्रतिशत (40.631 करोड़ रुपए) बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 85.17 करोड़ रुपए हो गई।

### कांग्रेस सहित तीन पार्टियों की इनकम घटी

वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 के बीच कांग्रेस, सीपीआई-एम और बीएसपी की आय में क्रमशः 16.42 फीसदी (88.90 करोड़ रुपए), 12.68 फीसदी (20.575 करोड़ रुपए) और 33.14 फीसदी (14.508 करोड़ रुपए) की कमी आई है।

### कांग्रेस और आप ने इनकम से ज्यादा खर्च किए

भाजपा ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कुल आय 2360.844 करोड़ रुपए घोषित की, लेकिन केवल 57.68 प्रतिशत खर्च किया, जो कुल आय का 1361.684 करोड़ रुपए है। कांग्रेस की कुल आय 452.375 करोड़ रुपए थी, जबकि उसने 467.135 करोड़ रुपए खर्च किए, उस वर्ष उसका खर्च उसकी कुल आय से 3.26 प्रतिशत अधिक था। सीपीआई-एम की कुल आय 141.661 करोड़ रुपए थी जबकि उसने 106.067 करोड़ रुपए खर्च किए, जो उसकी आय का 74.87 प्रतिशत था। इसी तरह, आप की कुल आय 85.17 करोड़ रुपए थी, जबकि उसने 102.051 करोड़ रुपए खर्च किए।

# 'सुमजी गुट' और मुस्लिम कॉन्फ्रेन्स 'भट गुट' पर पांच वर्ष का प्रतिबंध

नयी दिल्ली ।सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेन्स जम्मू और कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेन्स जम्मू और कश्मीर (भट गुट) को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम , 1967 की धारा 3 के तहत तत्काल प्रभाव से 5 वर्ष के लिए विधिविरुद्ध संगठन घोषित कर दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकी संगठनों पर कठोर प्रहार करते हुए सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेन्स जम्मू और कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेन्स जम्मू और कश्मीर को विधिविरुद्ध संगठन घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। शाह ने कहा कि सरकार आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है और ग़ैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त हर व्यक्ति को कठोर परिणाम भुगतने होंगे। मुस्लिम कॉन्फ्रेन्स जम्मू और कश्मीर , जम्मू और कश्मीर को भारत से अलग करने के लिए वहां गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल है और आतंकी गतिविधियों का समर्थन करता है, जो भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के लिए हानिकारक है। मुस्लिम कॉन्फ्रेन्स जम्मू और कश्मीर और उसके सदस्यों के खिलाफ विधिविरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम , 1967 सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

# रामपुर में अंबेडकर का बोर्ड लगाने पर बवाल

## फायरिंग में दलित छात्र की मौत, 2 घायल; 4 पुलिसकर्मी समेत 25 पर हत्या का मुकदमा



रामपुर। रामपुर में मंगलवार देर शाम भीमराव अंबेडकर का बोर्ड लगाने को लेकर बवाल हो गया। फायरिंग में 10वीं के छात्र की गोली लगने से मौत हो गई। छात्र के सिर में गोली लगी थी। जबकि 2 लोग घायल हैं। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी। इसमें ष्टह्र यानी ष्टस्स्क की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

छात्र के परिजनों ने पुलिस और राजस्व कर्मियों पर हत्या का आरोप लगाया है। इसके साथ ही शव को घटनास्थल पर रखकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। फिलहाल, मौके पर भारी संख्या में फोर्स तैनात है। मौके पर 300 से ज्यादा लोग मौजूद है।

परिजनों के विरोध पर पुलिस ने पिता की तहरीर पर 25 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा मध्य रात्रि 3 बजे दर्ज किया है। इसमें बड़ा गांव चौकी प्रभारी सहित 4 पुलिसकर्मियों और एसडीएम और तहसीलदार के हमराह पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस के समझाने के बाद परिजनों ने मृतक छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद नजरबंद

वहीं पीड़ितों से मिलने रामपुर आ रहे भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने संभल में नजरबंद कर दिया गया है। इससे कार्यकर्ता और लोग गुस्से में हैं। उधर, मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीएम मिलक अमन देओल को निलंबित कर दिया गया है।

### 15 दिन पहले पुलिस ने हटवाया था कब्जा

घटना थाना मिलक क्षेत्र सिलईबड़ा गांव की है। यहां ग्राम समाज की जमीन है। इसे लेकर दलित और गंगवार समाज के बीच विवाद चल रहा है। दरअसल, दलित समाज इस जमीन पर अंबडेकर की मूर्ति और बोर्ड लगाना चाहता है।

मगर, गंगवार समाज के लोग इसका विरोध करते हैं। 15 दिन पहले यह मामला पुलिस तक पहुंचा था। इसके बाद पुलिस ने इसे जमीन को खाली करवाया था।

सोमवार को कुछ लोगों ने जमीन पर अंबेडकर पार्क का बोर्ड लगाया दिया। दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से फायरिंग और पत्थरबाजी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने की सूचना पर ष्टह्र मिलक थाने की फोर्स मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाने की हर कोशिश की।

मगर लोग मानने को तैयार नहीं थे। इसी बीच फायरिंग में 17 साल के दलित छात्र सुमेश को गोली लग गई। उसकी मौके पर मौत हो गई। सुमेश सुबह ही 10 की परीक्षा देकर लौटा था। पथराव में अमित और रमन घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुलिस वालों ने भागकर बचाई जान

इसके बाद गुस्साई भीड़ ने पुलिसवालों पर पथराव कर दिया। ष्टस्स्क सहित अन्य पुलिस वालों ने भागकर जान बचाई। हालांकि, ग्रामीणों ने ष्टस्स्क की गाड़ी और पुलिस कर्मियों की जीप को तोड़ दिया है। इससे के बाद दलित समाज के लोगों ने छात्र का शव रखकर सड़क जाम कर दिया। परिवार वालों ने राजस्वकर्मियों, पुलिस और गंगवार समाज पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक छात्र के भाई ब्रज किशोर ने बताया कि मैं रिक्शा चलाकर आ रहा था।

रास्ते में मैने खबर पढ़ी कि मेरा भाई एक्सपायर हो गया। हमारी चौकी के दो पुलिस वाले जिसमें एक का नाम आदेश चौहान और एक का नाम ॠषिपाल है। यहां ऊपर चढ़े और यहां पर गंगवारों के कहने से उन्होंने शूटिंग स्टार्ट कर दी। दे दनादन उन्होंने फायरिंग की। जिसमें मेरे भैया सुमेश कुमार खत्म हो गए। मेरे पड़ोसी सहित तीन घायल हुए हैं।

# केडीए के 15 प्लॉट पर भूमाफिया ने किया कब्जा

## मूल आवंटी की शिकायत पर गरजा केडीए का बुलडोजर



कानपुर। बुधवार को अवैध भूमाफियाओं पर केडीए का बुलडोजर गरजा। केडीए वीसी की जनसुनवाई के दौरान मूल आवंटी किशोरी लाल ने प्लॉट पर कब्जे होने की शिकायत की थी।

जिसके बाद केडीए वीसी व डीएम राकेश कुमार सिंह ने जांच के आदेश दिए। शिकायत सही पाई गई।

### केडीए के 15 प्लॉट पर कर डाली थी बाउंड्री

शिकायत में जांच में सामने आया कि चैतन्य विहार में प्लॉट संख्या-106 से 120 तक अवैध कब्जा कर बाउंड्रीवॉल खड़ी कर दी गई थी।

प्लाटों की कीमत 4 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। विकास प्राधिकरण जोन-1 प्रभारी डॉ. रवि, इसी जोन के अधिशासी अभियंता अजय पंवार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।

### जनवरी में दे दिए गए थे आदेश

मामले में केडीए अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। जनवरी में ही इस मामले में अवैध अतिक्रमण गिराने के आदेश जारी कर दिए गए थे। इसके बाद डीएम राकेश कुमार ने तत्काल ही अधिकारियों को अवैध निर्माण कर मूल आवंटी को प्लॉट पर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।

### 2 बुलडोजरों ने ढहाया अवैध कब्जा

बुधवार को दल-बल के साथ केडीए के अधिकारियों ने अवैध कब्जे को ढहाना शुरू कर दिया। 2 बुलडोजरों ने चंद घंटों में ही पूरे अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया।

पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद रहा। शिकायतकर्ता किशोरी लाल को केडीए ने प्लॉट नंबर-107 अलॉट था, मौके पर ही उसे कब्जा दिया गया।

# पत्नी को कमरे में बंद कर पति ने किया सुसाइड

**झांसी।** झांसी में पत्नी को कमरे में बंद करके दूसरे कमरे में जाकर पति ने सुसाइड कर लिया। वहां युवक की 6 साल की बेटी और वृद्ध पिता सो रहे थे। जब बेटी जगी तो पिता फंदे पर लटके थे। उसी ने जाकर कमरे के कमरे की कुड़ी खोली। इसके बाद परिजन और गांव के लोग एकत्र हो गए। पूरा मामला रक्सा थाना क्षेत्र के कलोथरा गांव का है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम अशोक यादव (28) पुत्र रामस्वरूप यादव था। वह कलोथरा गांव का रहने वाला था। मृतक के भतीजे राहुल ने बताया कि मेरे चाचा अशोक यादव खेती किसानी के साथ मजदूरी करते थे। मंगलवार को स्टाफ के एक युवक की शादी थी। इसलिए मैं चाचा के साथ शादी में झांसी के नागोजी कुआ आए थे। यहां से रात करीब 12 बजे घर पहुंचे। बुधवार सुबह पता चला कि चाचा अशोक ने फांसी लगा ली। भतीजे ने आगे बताया कि अशोक अपनी पत्नी, 6 साल की बेटी और 4 साल के बेटे व पिता रामस्वरूप के साथ रहते थे। उनके पिता की उम्र 80 साल से ज्यादा है। उनको कम दिखाई और सुनाई देता है। मंगलवार रात को एक कमरे में पिता और 6 साल की बेटी सो रही थी। जबकि दूसरे कमरे में अशोक, उसकी पत्नी और 4 साल का बेटा सो रहा था। रात को अशोक ने पत्नी के कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी। फिर पिता के कमरे में जाकर रस्सी से फंदा बनाकर लटक गया।

# अतीक की जमीन पर बिल्डर-कारोबारियों का कब्जा

## फर्जी डॉक्यूमेंट्स दिखाकर 50 लाख एडवांस लिए; रजिस्ट्री से पहले पहुंची पुलिस



प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद...जिसके नाम से कारोबारी और बिल्डर्स खौफ खाते थे। वो उनकी जमीन पर कब्जा करता था। मगर अब उसकी ही जमीन पर बिल्डर-कारोबारी कब्जा जमा रहे थे। इन लोगों ने उसकी जमीन को बेचने के लिए पूरी प्लानिंग कर ली थी। इसमें एक अफसर और रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मचारियों को शामिल किया।

इसके बाद जमीन के फर्जी कागजात दिखाकर एक शख्स से 50 लाख रुपए भी ले लिए थे। मगर, मामला पुलिस तक पहुंच गया। रजिस्ट्री से पहले पुलिस ने जमीन को अपने कब्जे में ले लिया। अब इस जमीन की कुर्की होगी। आज इस जमीन की कीमत करीब 8 करोड़ है। फिलहाल बिल्डर और 2 कारोबारी अंडरग्राउंड हैं। पुलिस इन्हें तलाश रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि 2006 में अतीक ने जीटीबी नगर सोलह मार्केट बी-ब्लॉक में 560 वर्ग गज जमीन पर कब्जा किया। फिर रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली थी। 15 अप्रैल 2023 को अतीक की हत्या हो गई। 2 बेटे जेल, जबकि बाकी परिवार अंडरग्राउंड हो गया। इसके बाद प्रयागराज के 2 कारोबारियों ने मिलकर करेली के एक मुस्लिम बिल्डर से मिलकर जमीन पर कब्जा करने की प्लानिंग की।

प्लानिंग के तहत, इन लोगों ने डेढ़ महीने पहले जमीन पर बाउंड्री करवाई। फिर जमीन के सौदे का खेल शुरू किया। प्रशासन के एक अधिकारी और रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मचारियों को भी भरोसे में ले लिया। उन्हें बताया कि यह जमीन उनकी है। इसके बाद इन लोगों ने प्रयागराज के एक शख्स को अपने जाल में फंसाया। उससे 50 लाख रुपए एडवांस भी ले लिए।

उसे 2006 के पहले के दस्तावेज दिखाकर बताया कि यह जमीन किसान के नाम पर है। जमीन के आस-पास घर-अपार्टमेंट बने हैं। बाउंड्री होते देखकर आस-पास के लोगों में हलचल हुई। क्योंकि पूरे इलाके को मालूम था कि ये अतीक की जमीन है। इसके बाद किसी ने इसकी सूचना डीसीपी सिटी दीपक भूकर को दी। इसके बाद पुलिस एक्टिव हो गई। एक अफसर ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। रजिस्ट्री होने से पहले ही पुलिस के पहुंचने पर बिल्डर अंडरग्राउंड हो गया। पुलिस टीम ने सारे दस्तावेज खंगाले, तो जमीन पर कब्जे का मामला सामने आया। अब पुलिस इस जमीन को कुर्क करने की तैयारी कर रही है।

डीसीपी भूकर ने बताया कि करेली में अतीक की जमीन के बारे में सूचना मिली थी कि कई लोग साजिश करके उस जमीन पर बाउंड्री करा रहे हैं। काम बंद करवा कर बाउंड्री करवाने वाले ठेकेदार से पूछताछ की गई है। अब इस जमीन की कुर्की की कार्रवाई हम करने जा रहे हैं।

# श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने मांगी 50 हजार की घूस

## लाभार्थी ने जिलाधिकारी से की शिकायत, जांच के दिए निर्देश, सत्यापन लिए मांगी थी रिश्वत



मऊ। मऊ जनपद में श्रम विभाग के अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगने से हड़कंप मचा हुआ है। सरकारी योजना में लाभार्थी का सत्यापन करने के लिए लाभार्थी से 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगने की बात सामने आ रही है।

इस मामले में पीड़ित द्वारा सहायक श्रमायुक्त और जिला अधिकारी से शिकायत की गई। शिकायत के बाद जिला अधिकारी प्रवीण मिश्रा ने भ्रष्टाचार के इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

### श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने सत्यापन के लिए मांगे 50 हजार

घोसी ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत सराय बड़े गांव के निवासी विवेक राजभर ने पिता की मृत्यु के बाद मृत्यु एवं दिव्यांगता योजना के अंतर्गत श्रम विभाग में अपना आवेदन किया था। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि 1 वर्ष बीत जाने के बाद जब उनके द्वारा श्रम प्रवर्तन अधिकारी लईक अहमद से संपर्क किया गया तो उन्होंने सत्यापन करने से मना कर दिया।

विवेक राजभर ने बताया कि काफी प्रयास के बाद श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा सत्यापन करने के लिए 50 हजार रुपए की मांग की गयी।

### डीएम ने दिया जांच के आदेश

जिसके बाद पीड़ित विवेक राजभर ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी लईक अहमद के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत कर दी।

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा ने मामले का संज्ञान लेते हुए श्रम विभाग का औचक निरीक्षण किया और सहायक श्रमायुक्त को भ्रष्टाचार के इस मामले में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सहायक समायुक्त प्रभात सिंह ने जांच उपरांत डीएम को रिपोर्ट सौंप दी है।

# लखनऊ में पत्नी ने पति को मार डाला

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर सेक्टर 9 वैशाली इंक्लेव में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक पत्नी ने अपने ही पति की घर में रखे सिलबट्टे से सिर पर वार करके मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के मुताबिक, पत्नी ने इस घटनाक्रम को अवैध संबंधों के चलते किया है फिलहाल बेटी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है वही आरोपी पत्नी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कार्यवाहक डीसीपी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 3: 00 बजे 112 के माध्यम से पुलिस को हत्या की सूचना मिली थी इस सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची। इस दौरान पूछताछ हा में पता चला कि पत्नी रेखा ने अपने पति सुरेंद्र शाह को मौत के घाट उतार दिया।

# अमेठी में साइबर क्राइम थाने की शुरुआत

अमेठी जिला। प्रदेश में आज 57 जिलों में साइबर क्राइम थाना की वर्चुअल तरीके से शुरुआत की गई। इन 57 जिलों में अमेठी जिले को भी शामिल किया गया है।

आज अमेठी जिले में साइबर क्राइम थाने की शुरुआत की गई, जिसका जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी डॉ. इलामारन जी मौजूद रहे। साइबर क्राइम थाने से अमेठी जिले में साइबर अपराध पर अंकुश लगेगा। अमेठी जिले के गौरीगंज जिला मुख्यालय पर खोले गए साइबर अपराध थाने पर कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है, जो 24 घंटे साइबर अपराध को अंजाम देने वालों पर नजर रखेंगे और उन पर एक्शन लिया जाएगा।

बता दें कि 57 जिलों में आज एक साथ साइबर क्राइम थाने की शुरुआत की गई।

अमेठी जिले में भी साइबर क्राइम थाने की शुरुआत कर दी गई। अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने फीता काटकर साइबर क्राइम थाने का शुभारंभ किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक भी शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद रहे।

अमेठी पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी ने कहा कि साइबर क्राइम थाना खुल जाने से साइबर अपराध पर अंकुश लगेगा।

# यूपी में तीन जिलों के कप्तान समेत पांच आईपीएस इधर से उधर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को पीलीभीत,मऊ और अमेठी के पुलिस प्रमुखों समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पांच अधिकारियों का तबादला कर दिया।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक (तकनीकी सेवायें) अनूप कुमार सिंह को अमेठी का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है जबकि अमेठी के मौजूदा एसपी को इसी पद पर मऊ भेजा गया है।

उन्होने बताया कि मऊ के पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे को पीलीभीत का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है वहीं पीलीभीत के मौजूदा एसपी अतुल शर्मा द्वितीय को आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। इसके अलावा आगरा के पुलिस उपायुक्त रविकुमार का तबादला सीतापुर में 11वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक के पद पर किया गया है वहीं सीबीसीआईडी के पुलिस अधीक्षक सुनीता सिंह को 37वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक के पद पर कानपुर भेजा गया है।

# बुलंदशहर में हत्या के आरोप में तीन को उम्रकैद

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले की अदालत ने युवक की हत्या के मामले में बुधवार शाम तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा एवं 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सहायक लोक अभियोजक कुश कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में सेंदु उर्फ सैंदल उर्फ शाहिद अपना जन सेवा केंद्र की दुकान बंद करके घर वापस लौट रहा था। शाम सात बजे रास्ते में घात लगाए बैठे लोगों ने रंजिशन उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

# बरेली में फौजी हत्याकांड में एक को फांसी की सजा, दूसरे को उम्रकैद

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली की एक अदालत ने बरेली कैंट में चर्चित फौजी हत्याकांड मामले में बुधवार को दो सगे भाइयों को सजा सुनाई है।

अदालत ने मुख्य आरोपी ध्रुव चौधरी को मृत्युदंड और उसके भाई राजेश चौधरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। चर्चित हत्याकांड की सुनवाई के दिन बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, जाट रेजीमेंट से जुड़े फौजी जवान आदि भी कचहरी पर मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने कहा कि इस मामले में सभी पक्षों ने बेहतर तरीके से कोर्ट के सामने सभी तथ्यों को रखा तथा आपरेशन कन्विक्शन के तहत जल्द ही सजा की स्थिति बन गई।

अपर जिला व सत्र न्यायाधीश 14 ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी की अदालत ने हत्या के मामले में दो सगे भाइयों को सजा सुनाई गई। मुख्य आरोपी ध्रुव चौधरी को मृत्युदंड और उसके भाई राजेश चौधरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। गौरतलब है कि 21 मार्च 2018 को दिनदहाड़े कैंट इलाके में बीच चौराहे लांस नायक अनिल (35) गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लांस नायक छेड़छाड़ करने से मना करता था, फौजी ने राजेश को थप्पड़ भी मार दिया था। उसके बाद उसके छोटे भाई ध्रुव ने सरेआम ड्यूटी पर तैनात वर्दीधारी फौजी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# आगरा में डिफेंस सप्लाई की 40 लाख की दवा बरामद

आगरा। आगरा के दवा बाजार में डिफेंस सप्लाई की दवाएं खुले बाजार में बिकने के मामले में पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने फुव्वारा स्थित दवा बाजार से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग डिफेंस के लिए आने वाली दवाओं पर से थिनर का इस्तेमाल कर प्रिंट को हटाते है। उस पर नया प्रिंट लिखते थे। पुलिस ने करीब 40 लाख रुपए की दवा जब्त की है। गैंग के और लोगों की तलाश की जा रही है।

डिफेंस की दवाओं की बाजार में सप्लाई के रैकेट से काफी लोग जुड़े हुए हैं। पुलिस ने मंगलवार को नारकोटिक्स विभाग के साथ बाजार में छापा मारा था। पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि ये लोग डिफेंस में सप्लाई के लिए आने वाली दवाओं को वहां से साठगांठ कर ले लेते थे। दवाओं पर डिफेंस परपज ओनली लिखा होता था।

इसे वो थिनर से साफ कर देते थे। इसके बाद फर्जीवाड़ा इस पर नया रेट प्रिंट करते थे। इस पर नया मैन्युफैक्चरिंग करते थे।

बाद में इसे लोकल मार्केट में सप्लाई करते थे। पकड़े गए लोगों में फर्जीवाड़ा करने वाले, दवाओं को सप्लाई करवाने वाले बिचौलिए और फर्जी कंपनी बनाकर मैन्यूफैक्चरिंग करने वाले हैं।

## नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

हाथरस। हाथरस में पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है। उसने एक युवक से डाक विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी कर दी और फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया। 22 जनवरी 2022 को बबलू पुत्र रघुवीर सिंह निवासी गढी गुमानी, थाना सादाबाद जनपद हाथरस ने पुलिस को यह सूचना दी थी कि उससे मोन्टू कुमार पुत्र श्रीराम निवासी गली नंबर 8 टेडी बगिया थाना ट्रांस यमुना, आगरा और नरेन्द्र पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी चिरौली थाना बरहन ने घर आकर डाक विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 1 लाख रूपये और फोटो ले लिए। इन दोनों ने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों को ले लिया था। इसके उपरांत 11 दिसंबर 2020 को को चार लाख रुपए और लेकर एक नियुक्ति पत्र भी दे दिया।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने बुधवार को दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वाँछित/वारण्टी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा को सम्बन्धित केस सं0 3608/05 धारा 323/504/506 भादवि सरकार बनाम दयाराम आदि न्याया) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर के दो वारंटी ध्यानी पुत्र कोमल सिंह यादव वलवीर पुत्र दशरथ यादव उपरोक्त निगण थानागांव थाना तालबेहट को मुखविर की सूचना पर उनके घर के दरवाजे से गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम हरिशंकर चंद, प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 सुशील कुमार त्रिपाठी, का0 पुष्पेन्द्र सिंह भदौरिया, का0 महिपाल आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले को पकड़ा

ललितपुर । बार पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर अभियुक्त पंकज यादव पुत्र राम सेवक नि0ग्रा0 मोती खेरा थाना बार जिला ललितपुर को मय 2 कि0लो0 600 ग्राम नाजायज गांजे के साथ गैस एजेन्सी के पास थाना बार से गिरफ्तार किया गया अभि के विरुद्ध थाना बार में मु0अ0सं0 31/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 महेन्द्र सिंह का0 विकास सिंह का0 कमल कुमार का0 अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

## सीएम ने किया वर्चुअल साइबर थाने का लोकार्पण



ललितपुर। लोकभवन सभागार लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा प्रदेश में पुलिस बल को बेहतर आधारभूत सुविधाओं के अंतर्गत र 2310 करोड़ की लागत से निर्मित पुलिस विभाग के 144 निर्माण कार्यों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इसी क्रम में जनपद ललितपुर में थाना मदनपुर नवनिर्मित थाना प्रशासनिक भवन का शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया। इस क्रार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक पुलिस व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य / सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये माननीय मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पुलिस बल का मनोबल बढ़ाया साथ ही इस लोकार्पण से संबंधित सभी थाने व पुलिस बल को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की। उन्होंने प्रदेश में प्रशासन की मुस्तैदी तथा उनके संरक्षण में सुरक्षित महसूस कर रहे सभी प्रदेशवासियों का उदाहरण देते हुये समस्त पुलिस बल के शीर्ष अधिकारियों से लेकर थाने में तैनात कांस्टेबल तक की सराहना की गयी तत्पश्चात कार्यक्रम में अन्य कई सम्मानित अधिकारीयों का संबोधन लोकभवन सभागार लखनऊ से हुआ।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर किसान की मौत

बदायूं। बदायूं में ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे सो रहे किसान की बुधवार को पहिये के नीचे कुचलकर मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब किसान अपना गन्ना बेचने के लिए चीनी मिल पहुंचा था और अपना नंबर आने के इंतजार में ट्राली के नीचे सो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। हादसा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल परिसर में हुआ। उझानी कोतवाली इलाके के बसंतनगर गांव में रहने वाला किसान रवींद्र (50) अपना गन्ना ट्रैक्टर-ट्राली में लादकर शेखूपुर चीन मिल में बेचने आया था। चूंकि मिल परिसर में पहले से ही दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियों की लाइन लगी हुई थी। ऐसे में कुछ देर ट्रैक्टर पर बैठने के बाद वह अपनी ट्राली के नीचे जाकर सो गया। इसी बीच कहीं से ड्राइवर पहुंचा और ट्रैक्टर को आगे बढ़ा दिया। इस दौरान ट्राली के नीचे सोया रवींद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुए इस हादसे के बाद मिल परिसर में अफरातफरी मच गई। साथी किसान आनन-फानन में रवींद्र को जिला अस्पताल लेकर दौड़े, यहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## फाइलेरिया की दवा खाकर 28 बच्चे हुए बीमार

अमेठी जिला। अमेठी में फाइलेरिया की दवा खाने से प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले दो दर्जन से अधिक बच्चे बीमार पड़ गए। आनन-फानन में सभी बच्चों को सीएचसी फुरसतगंज में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी का इलाज किया। सभी की हालत खतरे से बाहर है। बच्चों के मुताबिक दवा खाने के कुछ देर बाद बच्चों को सिर दर्द, उल्टी और बुखार आने लगा, जिसके बाद प्रधानाध्यापक को सूचना दी गई। पूरा मामला फुरसतगंज थाना क्षेत्र के उड़वा गांव का है। यहां कल दोपहर आशा बहू ने प्राथमिक विद्यालय उड़वा में जाकर करीब 100 बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई थी। विद्यालय बंद होने के बाद सभी बच्चे अपने घर चले गए। आज सुबह प्रभारी प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार जब स्कूल पहुंचे तो परिजनों और बच्चों ने बताया कि दवा खाने के बाद किसी को उल्टी, किसी को बुखार और किसी को सिर दर्द हो रहा है। जानकारी मिलते ही प्रधानाध्यापक सभी बच्चो को एम्बुलेंस की मदद से सुबह करीब 11 बजे फुरसतगंज सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने सभी का इलाज किया।

## कानपुर में खाली प्लॉट पर मिले नरमुंड

कानपुर। कानपुर के थाना बर्रा इलाके में स्थित दामोदर नगर सेंगर चौराहे के पास खाली पड़े प्लाट पर मानव कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन मे क्षेत्रीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है, कि मानव कंकाल किसने और यहां पर क्यों फेंके। वहीं नरमुंड और कंकाल मिलने के बाद पूरे इलाके मे दहशत का माहौल है ,मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है । दामोदर नगर स्थित वैष्णों माता मंदिर के पास बुधवार को दोपहर तकरीबन 1: 30 बजे इलाके में खाली प्लाट में नरमुंड मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर बर्रा थाना पुलिस पहुंची और जांच शुरू की पूछताछ में पता चला कि कल तक यहां पर कुछ भी नहीं था। आज सुबह जब कुछ नरमुंड दिखे तो सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर एडीसीपी भी पहुंची और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। एडीसीपी अमृता सिंह ने बताया कि दामोदर नगर सेंगर चौराहे के पास एक खाली प्लाट पड़ा हुआ है ।

## इटावा में युवक का पेड़ से लटका मिला शव

इटावा। इटावा के थाना जसवंतनगर के कस्बे में संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव की परिजनों ने शिनाख्त की। युवक बीती देर रात से घर से निकला था। सुबह 9 बजे शव घर से महज दो सौ मीटर दूरी पर लटका मिला है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करवा रही है। नगर के छिमारा मार्ग के रहने वाले 20 वर्षीय शेखर यादव उर्फ टीआई पुत्र रणवीर सिंह उर्फ (टल्ला) उर्फ़ नीलू मंगलवार को हर दिन की तरह बाजार में स्थित एक मिठाई की दुकान पर मजदूरी करने गया हुआ था। जब वह देर रात तक घर न लौटा तो परिजनों ने खोजबीन की तो वह नहीं मिला। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने घर से कुछ दूरी पर खाली पड़ी भूमि पर स्थित बेरिया के पेड़ पर युवक का शव लटका देखा। उसके गले में मफलर से फंदा लगा हुआ था।

